Serial Number

Roll No. ...................................

SET/सेट : **D**

Total No. of Questions : 23

Total No. of Printed Pages: 8

0570336

# T-0651

## हाईस्कूल मुख्य परीक्षा वर्ष - 2024

## High School Examination (Main) - 2024

## हिन्दी

## HINDI

Time : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 75

**निर्देश :**

(i) सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(ii) प्रश्न क्रमांक **01** से **05** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक उपप्रश्न के लिए एक–एक अंक, कुल **30** अंक निर्धारित हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक **06** से **17** तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए दो–दो अंक निर्धारित हैं। (शब्द सीमा लगभग **30** शब्द)

(iv) प्रश्न क्रमांक **18** से **20** तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए तीन–तीन अंक निर्धारित हैं। (शब्द सीमा लगभग **75** शब्द)

(v) प्रश्न क्रमांक **21** से **23** तक विश्लेषणात्मक प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए चार–चार अंक निर्धारित हैं। (शब्द सीमा लगभग **120** शब्द)

1×6=

1 सही विकल्प का चयन कर लिखिए :

(i) 'कुहासा' का अर्थ है –

(अ) कंबल (ब) कोहरा

(स) सन्नाटा (द) सहारा

(ii) प्रगतिवादी कवि हैं –

(अ) मुक्तिबोध (ब) सुमित्रानंदन 'पंत'

(स) नरेश मेहता (द) जगमोहन सिंह

(iii) नेताजी की प्रतिमा की ऊँचाई थी –

(अ) दो फुट (ब) 5 फुट

(स) 3 फुट (द) 10 फुट

(iv) 'कलम का जादूगर' किसे कहा जाता है ?

(अ) रामवृक्ष बेनीपुरी (ब) अज्ञेय

(स) स्वयं प्रकाश (द) नागार्जुन

(v) 'सूरसारावली' के कवि का नाम है –

(अ) सूरदास (ब) कबीरदास

(स) मैथिलीशरण गुप्त (द) नागार्जुन

(vi) कवि निराला का जन्म हुआ था –

(अ) सन् 1904 (ब) सन् 1900

(स) सन् 1899 (द) सन् 1888

**2** रिक्त स्थानों में सही विकल्प का चयन कर लिखिए : **1×6=6**

(i) आधुनिक हिन्दी कविता का प्रारंभ संवत् ________ से माना जाता है। (1900, 1901, 2000)

(ii) अर्थ की दृष्टि से वाक्य के ________ प्रकार हैं। (5, 7, 8)

(iii) छंद के ________ प्रकार हैं। (2, 3, 4)

(iv) वल्लभाचार्य ________ के गुरु थे। (सूरदास, परशुराम, तुलसीदास)

(v) दोहा छंद की प्रथम एवं तृतीय पंक्ति में ________ मात्राएँ होती हैं। (11-11, 13-13, 14-14)

(vi) रस के ________ अंग हैं। (2, 4, 6)

**3** सही जोड़ी मिलाकर लिखिए : **1×6=6**

| (क) | | (ख) | |
|---|---|---|---|
| (i) | शिवपूजन सहाय | (i) | क्रोध करना |
| (ii) | रामवृक्ष बेनीपुरी | (ii) | पंचवटी |
| (iii) | मैथिलीशरण गुप्त | (iii) | एकांकी |
| (iv) | रिसाई | (iv) | 16 |
| (v) | चौपाई | (v) | माता का आँचल |
| (vi) | एक अंक | (vi) | मुजफ्फरपुर |
| | | (vii) | 26 |
| | | (viii) | नाटक |
| | | (ix) | मैला आँचल |
| | | (x) | कामायनी |
| | | (xi) | 24 |
| | | (xii) | प्रस्तुत करना |

0570336 0570336 0570336 0570336 0570336 0570336 0570336 0570336

4 एक वाक्य में उत्तर लिखिए – 1×6=

(i) 'अट नहीं रही' कविता किस बात को प्रगट करती है?

(ii) कवि नागार्जुन का मूल नाम क्या है?

(iii) निराला रचनावली में कितने खण्ड हैं?

(iv) रामचरित मानस का मुख्य छंद क्या है?

(v) विनय पत्रिका की रचना किस भाषा में हुई है?

(vi) कामायनी किसकी रचना है?

5 सत्य / असत्य चयन कर लिखिए – 1×6=

(i) पर्वतीय सुन्दरता मन को नहीं भाती है।

(ii) संस्मरण में कल्पना तत्व की प्रधानता होती है।

(iii) हिन्दी का प्रथम उपन्यास 'परीक्षा–गुरु' को माना गया है।

(iv) कहानी के छः तत्व होते हैं।

(v) श्रीकृष्ण ने गोपियों को समझाने उद्धव को भेजा था।

(vi) बिस्मिल्ला खाँ हिन्दू–मुस्लिम एकता के समर्थक थे।

6 गद्य की कोई 4 विधाओं के नाम लिखिए। 2

**अथवा**

बाबू गुलाबराय के अनुसार निबंध की परिभाषा लिखिए।

7 संधि और समास में कोई दो अंतर लिखिए। 2

**अथवा**

शब्द शक्ति कितने प्रकार की होती है? नाम भी लिखें।

8 गंतोक को "मेहनतकश बादशाहों का शहर" क्यों कहा गया है? 2

**अथवा**

भोलानाथ अपने साथियों को देखकर सिसकना क्यों भूल जाता है?

0570336 0570336 0570336 0570336 0570336 0570336 0570336 0570336 0570336 0570336

9 कवि नागार्जुन की दो रचनाओं के नाम लिखिए। 2

**अथवा**

नई कविता की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

10 कवि सूरदास अथवा तुलसीदास की काव्यगत विशेषताएँ निम्न बिन्दुओं के आधार पर लिखिए– 2

(i) दो रचनाएँ (ii) भावपक्ष

11 फसल क्या है? 2

**अथवा**

उद्धव के व्यवहार की तुलना किस–किस से की गई है?

12 कविता में बादल किन–किन अर्थों की ओर संकेत करता है? 2

**अथवा**

स्मृति को पाथेय बनाने से कवि का क्या आशय है?

13 काव्य की परिभाषा लिखिए। 2

**अथवा**

पुनरूक्ति प्रकाश अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

14 रस किसे कहते हैं? 2

**अथवा**

चौपाई छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

15 रामवृक्ष बेनीपुरी अथवा यतीन्द्र मिश्र का साहित्यिक परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर लिखिए– 2

(i) दो रचनाएँ (ii) भाषा शैली

0570336 0570336 0570336 0570336 0570336

16 भंगत की पुत्रवधू उन्हें अकेले क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी? 2

**अथवा**

नाटक और एकांकी में कोई दो अंतर लिखिए।

17 लेखिका मन्नू भण्डारी के व्यक्तित्व पर किन–किन व्यक्तियों का प्रभाव पड़ा? 2

**अथवा**

बिस्मिल्ला खाँ को शहनाई की मंगल ध्वनि का नायक क्यों कहा जाता है?

18 'अनुशासन का महत्व' विषय पर अनुच्छेद लिखिए। 3

**अथवा**

प्रिय खेल 'क्रिकेट' के सम्बंध में दो मित्रों के बीच संवाद लिखिए।

19 निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या लिखिए : 3

संस्कृति के नाम से जिस कूड़े करकट के ढेर का बोध होता है, वह न संस्कृति है न रक्षणीय वस्तु। क्षण–क्षण परिवर्तन होने वाले संसार में किसी भी चीज को पकड़कर बैठा नहीं जा सकता। मानव ने जब–जब प्रज्ञा और मैत्री भाव से किसी नए तथ्य का दर्शन किया है तो उसने कोई वस्तु नहीं देखी है, जिसकी रक्षा के लिए दलबंदियों की ज़रूरत हो।

**अथवा**

आषाढ़ की रिमझिम है। समूचा गाँव खेतों में उतर पड़ा है। कहीं हल चल रहे हैं, कहीं रोपनी हो रही है। धान के पानी भरे खेतों में बच्चे उछल रहे हैं, औरतें कलेवा लेकर मेड़ पर बैठी हैं। आसमान बादल से घिरा, धूप का नाम नहीं, ठंडी पुरवाई चल रही है। ऐसे ही समय आपके कानों में एक स्वर तरंग झंकार सी कर उठी यह क्या है? यह कौन है?

057036 057036 057036 057036 057036 057036 057036 057036

20 निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 3

अट नहीं रही है
आभा फागुन की तन
सट नहीं रही है।
कहीं सांस लेते हो
घर–घर भर देते हो,
उड़ने को नभ में तुम
पर–पर कर देते हो
आँख हटाता हूँ तो हट नहीं रही है।

**अथवा**

जिसके अरूण कपोलों की मतवाली सुंदर छाया में।
अनुरागिनी उषा लेती थी निज सुहाग मधुमाया में।
उसकी स्मृति पाथेय बनी है थके पथिक की पंथा की।
सीवन को उधेड़कर देखोगे क्यों मेरी कंथा की?
छोटे से जीवन की कैसे बड़ी कथाएँ आज कहूँ?
सुनकर क्या तुम भला करोगे मेरी भोली आत्मकथा?
अभी समय भी नहीं, थकी सोई है मेरी मौन व्यथा।

21 निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर रूपरेखा सहित सारगर्भित निबंध लिखिए: (लगभग 120 शब्दों में) 4

(i) मेरा प्रिय खेल

(ii) विज्ञान के बढ़ते चरण

(iii) वृक्षारोपण

(iv) वर्तमान समय में कम्प्यूटर की उपयोगिता

(v) साहित्य और समाज

0570336

22 अपने जिले के जिलाधीश महोदय को परीक्षाकाल में हो रहे ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर रोक लगाने हेतु आवेदन पत्र लिखिए। 4

**अथवा**

अपने प्रिय मित्र को अपने भाई की शादी में सम्मिलित होने के लिए पत्र लिखिए।

23 निम्नलिखित अपठित गद्यांश अथवा काव्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 4

वैदिक काल से ही हिमालय पहाड़ को बहुत पवित्र माना जाता है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि हिमालय के पहाड़ों का दृश्य अति सुन्दर है। इसकी विशालता देखकर मन आनंद और कृतज्ञ हो जाता है। ऐसा लगता है कि यह विशाल सृष्टि ईश्वर की देन है। सारी सृष्टि के प्रति समभाव जागृत होता है। वस्तुतः यह दृष्टि कोरी कलात्मक या अध्यात्मिक नहीं है।

**प्रश्न :–**

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

(ii) हिमालय को देखकर कौन सा भाव जागृत होता है?

(iii) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

**अथवा**

वीरों का कैसा हो वसंत?
आ रही हिमालय से पुकार,
है उदधि गरजता बार–बार,
प्राची, पश्चिम, भू–नभ अपार,
सब पूछ रहे हैं दिग्–दिगंत,
वीरों का कैसा हो वसंत?

**प्रश्न :–**

(i) उपर्युक्त काव्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

(ii) बार–बार कौन गरजता है?

(iii) उपर्युक्त काव्यांश का भावार्थ लिखिए।



057033605703360570336